14-JAN-JSP-BHOOMI-pg-1-new_Layout 1 1/14/2024 8:56 PM Page 1

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 15 जनवरी 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 12.2 डिग्री

न्यूनतम 8.2 डिग्री

4

अतिक्रमण की भेंट चढ़ते तालाब, लाख कोशिशों के बाद भी सहेजने में नाकाम



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)

प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर

B.Ed D.Ed

नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर

सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर

पुराना बस स्टैण्ड के पास

मोबा.- 8839281593, 9174881569

### विधायक गोमती ने मच्छरदानी व आयुष्मान कार्ड बांटकर हितग्राहियों को किया लाभान्वित

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिलेभर में लगाए गए शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कांसाबेल विकासखंड के ग्राम पुसरा में पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय ने मच्छरदानी व आयुष्मान कार्ड बांटकर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया। साथ ही उन्होंने सभी कार्यक्रमों से गांव के लोगों को लाभ पंहुचाने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य सालिक साय द्वारा भी बच्चों व महिलाओं को सिकल सेल जांच कर स्वास्थ्य सुढ़ रखने हेतु शिविर में उपस्थित जनमानश को जागरूक किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पुसरा में 230 ग्रामीणों ने सिकल सेल जांच कराया। जिसमें 7 संदेहास्पद मरीज चिन्हित किया गया। जिन्हें कन्फरमेट्री जांच उपरांत स्वास्थ्य की देखरेख किया जायेगा। साथ ही शिविर में 200 हाइपरटेंशन के लोगों का स्क्रीनिंग किया गया, जिसमें 10 सस्पेक्टेड चिन्हित किया गया है एवं 70 लोगों को प्रशासन की लोकहित आयुष्मान भारत जन आरोग्य समिति के तहत शिविर में तत्काल कार्ड बनाकर दिया गया। छूटे हुए हितग्राहियों को तत्काल आयुष्मान कार्ड निर्माण हेतु सुझाव दिया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखण्ड कांसाबेल में ज्ञानदास महंत विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य विभाग कांसाबेल द्वारा विभाग के अन्य महती योजनाओं के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी बताया गया।



शिविर में मच्छरदानी वितरण करती विधायक गोमती साय।

## करादारी, हर्राडीपा, सेमरकछार सहित कई ग्रामों में पहुंची यात्रा



विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से हर वर्ग के लोगों तक लाभ पहुंचाया जा रहा। यात्रा के तहत गांव और कस्बों में शिविर आयोजित किए जा राहे है। जिसमें हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

शिविर के दौरान प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, सुकन्या योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। वही स्वास्थ्य शिविर में सिकलसेल, एनसीडी की जांच भी की जा रही है। साथ ही किसानों को ड्रोन के जरिए खाद व कीटनाशक छिड़काव की विधि, कृषि कार्य में जैविक खाद एवं नैनो यूरिया का उपयोग करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को यह यात्रा मनोरा के ग्राम पंचायत करादारी, ग्राम हर्राडीपा, कांसाबेल के ग्राम पंचायत सेमरकछार सहित अन्य ग्राम पंचायतों में पहुंची। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान आमजनों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलवाई गई। योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन, योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने, योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है।

## लगाया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर

**पत्थलगांव / बगीचा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रविवार को ग्राम पंचायत महुवाडीह और सरईपानी शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग विभागों द्वारा लाभार्थियों को 17 से अधिक योजनाओं से लाभ दिया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क हेल्थ चेकअप की सुविधा भी दी गई थी। इसके अलावा जरूरी दवाइयां भी निःशुक्ल बांटी गईं। जनपद सदस्य दीपक नागेश और कुंवर राम ने बताया कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। शिविर में महादेवडांड भाजपा मंडल अध्यक्छ लख्खु राम , महामंत्री विनोद गुप्ता , चुनमुन गुप्ता ,सरपंच घुघरी कुंवर राम , कविता देवी , जनपद सदस्य दीपक नागेश , जनप्रतिनिधि मंगरु साय , उमेश गुप्ता सहित शिविर प्रभारी दिलीप टोप्पो , खेम सागर यादव ,मुनु राम ,विजेता कुमार और सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिविर में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ



**महादेवडांड।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रविवार को बगीचा ब्लॉक के ग्राम पंचायत महुवाडीह और सरईपानी शिविर लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग विभागों द्वारा लाभार्थियों को 17 से अधिक योजनाओं से लाभ दिया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क हेल्थ चेकअप की सुविधा भी दी गई थी। इसके अलावा जरूरी दवाइयां भी निःशुक्ल बांटी गईं। जनपद सदस्य दीपक नागेश और कुंवर राम ने बताया कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। शिविर में महादेवडांड भाजपा मंडल अध्यक्छ लख्खु राम, महामंत्री विनोद गुप्ता, चुनमुन गुप्ता, सरपंच घुघरी कुंवर राम, कविता देवी, जनपद सदस्य दीपक नागेश, जनप्रतिनिधि मंगरु साय, उमेश गुप्ता सहित शिविर प्रभारी दिलीप टोप्पो, खेम सागर यादव, मुनु राम, विजेता कुमार और सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### हितग्राहियों ने साझा किए अनुभव

ग्राम महुवाडीह से शिविर में आए हितग्राहियों ने बताया कि यहां आने से उन्हें शासन की बहुत सी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी मिली है। जिसका लाभ अब उन्हें मिलेगा। उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन पाने वाली अजीत टोप्पो बताया कि पहले वे चूल्हे में खाना बनाती थी जिससे निकलने वाले धुएं से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझना पड़ता था। शिविर में दस्तावेज जमा करने पर उन्हें तुरन्त उज्जवला गैस का कनेक्शन मिल गया। अब उन्हें खाना बनाने में आसानी होगी। वहीं अनीता केरकेट्टा नाम की एक महिला ने बताया कि उन्हें गर्भाशय में कैंसर था जिसका इलाज आयुष्मान कार्ड से रायपुर में निशुल्क किया गया।

## खबर संक्षेप

### सीएम ने दी मकर संक्रांति लोहिड़ी की शुभकामनाएं

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने मकर संक्रांति, पोंगल व लोहिड़ी



पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि भारत में सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण होकर मकर रेखा की ओर जाने का स्वागत बहुत उमंग और उत्साह से किया जाता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इसे मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी पर्व के नाम से मनाते हैं। यह त्यौहार ऋतु परिवर्तन का संदेश लेकर आता है। साय ने कहा है कि यह पर्व सभी लोगों के जीवन में सुखद परिवर्तन लेकर आए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल और लोहड़ी पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी लोगों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की है।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ

**पत्थलगांव ।** करुणा वरुणालय भगवान राधा-माधव की असीम



कृपा से संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। कथा प्रवक्ता आचार्य रामानुग्रह शास्त्री महाराज सुदामा कुटी, वृंदावन हैं। कामर्यग्रम में कलश शोभायात्रा मंगलवार 16 जनवरी दोपहर 2 बजे कथा बैठकी, महात्म कथा, गोकर्ण उपाख्यान का आयोजन होगा। इसी तरह महाभारत कथा, शुकदेव जन्म ध्रुवचरित्र, जड़भरत कथा, प्रहलाद चरित्र, बामन अवतार हवन, पूर्णाहुति, ब्राम्हण भोजन, भण्डारा, श्रीराम जन्म, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव (बधाई) बाललीला, माखनचोरी, गोवर्धन पूजा, राशपंचाध्यायी, मथुरा गमन, उद्धव गोपी संबाद, रुकमणी बिबाह सुदामा चरित्र, स्वधाम गमन, कथा विश्राम का आयोजन होगा। इस कथा कार्यक्रम को श्रीमती निर्मला-सुरेन्द्र सिंह, श्रीमती प्रभा मनोज सिंह, श्रीमती आरती- प्रमोद सिंह एवं समस्त सिंह परिवार कथा श्रोत- स्व. मुनेश्वर सिंह, श्रीमती कविराज सिंह कटंगतराई पत्थलगांव के द्वारा।किया जा रहा है।

### चंद्र प्रताप सिंह ने सिविल जज परीक्षा में हासिल की सफलता

**अंबिकापुर।** शुक्रवार को जारी किए गए सिविल जज के परीक्षा परिणाम में जिले के चंद्र प्रताप सिंह ने भी सफलता हासिल की है। चंद्र प्रताप सिंह ने परीक्षा में 46 वां स्थान हासिल किया है। खास बात यह है कि श्री सिंह ने बिलाईगढ़ सारंगगढ़ में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए पहले प्रयास में ही यह उपलब्धि हासिल की है। जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम सलका निवासी चंद्र प्रताप सिंह ने प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव से हासिल की जबकि हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षा राजनांदगांव के इंडियन पब्लिक स्कूल से हासिल की। चंद्र प्रताप सिंह ने बिलासपुर में एलएलएम की पढ़ाई पूरी की और इसके बाद व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गए थे। उन्होंने अपने कठिन परिश्रम से पहले प्रयास में ही सीजी पीएससी से सहायक लोक अभियोजन की परीक्षा में सफलता हासिल की थी ।

# आदर्श ग्राम कुमेकेला के मुख्य मार्ग पर स्थित शराब दुकान ग्रामीणों के लिए बनी सिर दर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

आदर्श ग्राम कुमेकेला के मुख्य मार्ग पर शराब दुकान एवं चकना सेंटर नागरिकों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। जहां शराब दुकान के सड़क से कुछ मीटर दूरी पर स्थित होने के कारण सड़क पर ही गाड़ियों व शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके कारण सड़क पर से होकर स्कूल के छात्र-छात्राएं व महिलाओं का चलना दूभर हो चुका है । सड़क पर शराबियों के जमावड़े की वजह से शराबियों द्वारा अभद्र टिप्पणी व गाली गलौज से महिलाएं, छात्र-छात्राओं को इस मार्ग से गुजरने में परहेज करना पड़ रहा है। ⏭शेष पेज 4 पर

- माह पूर्व विधायक गोमती साय को ग्रामीणों ने शराब दुकान हटाने सौंपा था ज्ञापन



### खुलेआम चल रहे चखना सेंटर

सत्ता परिवर्तन के साथ ही शराब दुकानों के पास स्थित अवैध चखना सेंटरों पर कार्रवाई के लिए छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया ने सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए थे। किंतु इन निर्देशों को धत्ता बताते हुए पत्थलगांव स्थित शराब दुकान के पास खुलेआम चखना सेंटर संचालित हो रहे हैं। जिसमें सड़क पर ही बैठकर शराब पीना व गली गलौज करना आम हो चला है।

### दुर्घटना में हो रहा इजाफा

शराब भट्ठी रोड पर शराबियों के नशे में चूर होकर चार पहिया, दो पहिया वाहनों को काफी तेज गति से चलाने की वजह से आम नागरिक दुर्घटनाओं का शिकार व जान जोखिम में लेकर चल रहे हैं। शराबियों के कारण इस मार्ग में कई बार बड़ी दुर्घटनाएं घट चुकी हैं। विगत कुछ माह पूर्व शराबियों की वजह से एक युवा एसी मैकेनिक को जान से हाथ धोना पड़ा था।

# विधायक ने बालाजी दरबार में की साफ-सफाई

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश भर में स्वक्छता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विधायक रायमुनी भगत स्थानीय बालाजी मंदिर परिसर की साफ सफाई व धुलाई कर आमजनता तक सफाई संदेश पहुंचाया।

विधायक सुबह आठ बजे बालाजी मंदिर पहुंची। उनके साथ नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, बालाजी मंदिर के पुजारी मनोज रमाकांत मिश्र, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रजनी प्रधान, नीतू गुप्ता, सावित्री भगत, राहुल गुप्ता, दीपू मिश्रा, अमन सिंह सहित बीजेपी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों का साथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर मंदिर परिसर की धुलाई किया। इस कार्यक्रम में जशपुर नगर पालिका की टीम पूरे समय विधायक के साथ बालाजी मंदिर में उपलब्ध रही। बताना लाजमी होगा की जशपुर वासियों की भावना भगवान बालाजी से जुड़ी हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक रायमुनी भगत इसके पूर्व भी नामांकन दाखिले के पहले और परिणाम आने के बाद व अन्य शुभ अवसरों पर जशपुर भगवान बालाजी के मंदिर में आकर आशीर्वाद लेते है।



### स्वच्छता की लिए करें प्रेरित

विधायक रायमुनी भगत ने प्रधानमंत्री के आह्वान पर आयोजित स्वक्छाता पखवाड़ा में बालाजी भगवान के मंदिर की साफ सफाई की। आमजनता से अपील है की स्वच्छता को जीवन शैली का अंग मानकर हमेशा स्वच्छता बनाए रखें और दूसरों को भी स्वच्छता की लिए प्रेरित करें।

## कुनकुरी एवं सीतापुर में मनाया गया युवा दिवस



राष्ट्रीय युवा दिवस मनाती छात्राएं।

**जशपुरनगर।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा पाटन, दुर्ग के अधीन संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कुनकुरी एवं सीतापुर में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रविन्द्र तिग्गा के सफल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुरेश कुमार ने बताया कि आज का युवा समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है और अपने समुदायों के बेहतरी के लिए काम करते रहने के लिए प्रोत्साहित करते है। स्वामी का सम्पूर्ण जीवन, युवाओं को शिक्षा एवं विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को प्रेरित एवं जागृत करने में समर्पित रहा। इसके उपरांत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अरबिंद कुमार साय ने राष्ट्रीय युवा दिवस का युवाओं के व्यक्तित्व विकास पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# बिरसा मुंडा की जन्मस्थली जाने वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विधायक रायमुनी ने किया रवाना

**जशपुरनगर।** विधायक रायमुनी भगत ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थली ईलिहातु खूंटी झारखंड जा रहे समाज के लोगों से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में कल्याण आश्रम से योगेश बापट भी उपस्थित थे।

मुंडा समाज के लोगों को बिरसा मुंडा के बारे में और अधिक जानकारी लेने उनकी जन्मस्थली जाने की व्यवस्था वनवासी कल्याण आश्रम जशपुर द्वारा किया गया। यहां यह बताना लाजमी होगा कि झारखंड, बिहार और ओडिशा के एक बड़े हिस्से में इन्हें भगवान बिरसा कहा जाता है। ये अकेले आदिवासी नेता हैं, जिनका चित्र भारतीय संसद में प्रदर्शित है। ये मुंडा जाति ही नहीं, आदिवासी या अनुसूचित जनजातीय गौरव के सबसे बड़े प्रतीक हैं। इनका जन्म झारखंड राज्य के खूंटी जिले के उलिहातू में हुआ था।

15 नवंबर 1875 को बिरसा मुंडा का जन्म हुआ। 9 जून 1900 में रांची के कारागार में मृत्यु हुई। करीब 19वर्ष की आयु में उन्होंने बिरसा सेना का गठन किया। 600 से ज्यादा पारंपरिक लड़ाके उनके साथ थे। बिरसा मुंडा आदिवासी चिंतन-संस्कृति के साथ हिन्दू धर्म के ज्ञान और ईसाई धर्म के संगठन व्यवहार से प्रभावित थे। बिरसा मुंडा ने पारंपरिक सेना बनाकर अंग्रेजों और बाहरी लोगों से सीधे लड़ाई में उतरकर आदिवासियों का नेतृत्व किया।



हरी झंडी दिखाकर रवाना करती विधायक रायमुनी।



प्रमाण पत्र बनवाते हुए ग्रामीण।

# पीवीटीजी के लिए वरदान साबित हो रही पीएम जनमन योजना

**जशपुरनगर।** जिले के विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए संचालित पीएम जनमन योजना अब जनजाति समूह के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना को शुरू हुए बस कुछ समय ही हुआ है लेकिन इसका वृहद सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। जनजाति समूह के लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने अधिकारी स्वयं इनके घर पहुंच रहे हैं और वंचितों को शत-प्रतिशत योजनाओं से लाभान्वित किया जा है। हर दिन अलग-अलग पहाड़ी कोरवा, बिरहोर बस्ती में अधिकारी पहुंच रहे हैं और वहां निवासरत लोगों से सवांद कर उनकी समस्याओं व आवश्यकता से अवगत हो रहे हैं। इसके अलवा उनके ही समुदाय के बनाये गए जनमन संगी भी घर-घर पहुंचकर विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग हेतु संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दे रहे हैं। ग्रामों में आयोजित शिविर में आयुष्मान, आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया। इसके आलावा स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सिकलसेल, एनसीडी जांच की गई। पीएम जनमन योजना में सभी जरूरी सुविधाएं शामिल हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले के पीवीटीजी ग्रामों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित कुल 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं।

- जिले के पहाड़ी कोरवा, बिरहोर लोगों की संवर रही जिन्दगी

### जिला अंतर्गत प्रथम चरण में 52 सड़कों का होगा निर्माण

# 64 पीवीटीजी बसाहटों को सड़क से जोड़ने मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा देश के 16 राज्यों एव केन्द्र शासित प्रदेशों के विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूहों वाले बसाहटों के 100 या अधिक की आबादी वाली प्रत्येक बसाहट के लिए सड़क कनेक्टिविटी के माध्यम से सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर जिला अंतर्गत प्रथम चरण में 52 सड़कों से 64 पीवीटीजी बसाहटों को बारहमासी सड़क से जोड़ने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है।

इनमें एल.97, एल. 67 से बैगापारा, एल.91 टी.आर 1 गायबुड़ा से नवापारा, एल 90 बगीचा बतौली मार्ग, उपरपारा से कोरवाटोली, एल 127, पटकेला कुटमा मार्ग से भेलवाटोली रतबा, एल 122, एल-069 पकरीटोली से अम्बाकोना, एल124- एल 80 से जौकोना, एल 92, कंचनडीह से गायबुड़ा व्हाया बुचीडांड,एल. 126 एल. 885 कामारिमा मांझाटोली से खपरीडीह, एल.93 - टी. आर. घुघरी से भगवानधोधा, एल.129, एल 74, पहारटोली से घुईपानी, एल.104-महुवाटोली मरोल रोड़ से पहाड़टोली (रेंगोला), एल. 118 - डूमरकोना से बरपाठ एल. 106 य झिकी से हॉस्पिटल पारा, एल. 125, धनपाठ से कामारिमा व्हाया बरूवा पहाड़, एल.120, एल,70 सोनगेरसा से गढ़पहाड़ डूमरटोली, एल.113,एल 60, सुखा पोखर से खजरीकोना, एल. 119, एल - 71 मुढ़ी से मलेसमा, एल. 94, एन, 65, सेमरबहार से बकानिया, एल. 116-जबला से नवापारा, एल.132 सन्ना भादू रोड़ से ढ़कनीपानी, एल. 115- एल027 हर्राडिपा से ताराकोना,एल. 108-जुरूडांड से शिवनारायण माघेटोली, एल. 107-बुरजूडीह से डोरहीकोना,एल. 105- बुरजूडीह से सरभंगी, एल. 95,ढोढ़रअम्बा कदमटोली से डुढूकोना, एल.100 , एन , 826 लोधेना पाठ से लरंगापाठ, एल एल. 109 - टी. आर-14 दनगरी रोड़ से बेवरा,बीएल.111,एल, 30 कापूटोली से द्वारी, एल. 99 , नन्हेसर से लालदरा, एल.131,टी.आर, 3 दौरापाठ से शाहीदरा (सकईडिपा), एल एल. 101 -एल- 31 लरंगा से लोधेनापाठ, एल.112 , सन्ना रौनी मरगा से हेठसेमर, एल.114-हर्राडिपा से खांदीटोली एल, एल. 121 ल-30 कापूटोली से कपूतरा, एल. 117-लालदरा से कटईपानी, एल.098,पण्ड्रापाठ से सेन्दवार व्हाया अम्बाडिपा, एल.123-टी. आर.-6 लोटाडांड रेंगले रोड़ से, मच्छरीपानी, एल. 110 - टी. आर.- दनगरी से सेमरपाठ, एल. 133-खंताडांड से सुखबासूपारा, एल.128 टी.आर., 4 से पहाड़टोली रतबा, एल.060,बटईकेला परसापानी पी.डब्ल्यू.डी. मार्ग से बरमुड़ा, एल.061-लईकाबुड़ा से पोगोड़,एल. 177-टी. आर. 5 से बंधकोना बी,एल. 119-टी. आर. 5 से भंवरपाठ, बंधकोना ए, एल.832-टी. आर. 5 से कर्णपुर, एल. 837 - टी. आर. 5 से अम्बाटोली, रेमने, एल. 120- एल. 42 से महरंगपाठ, एल. 814-ओरकेला से डोंगझरन, एल.118, एल 042 से नवाझर, एल. 122 , एल. 045 से-भुरूघाट एल.860, एल. 42 से बांसताला और एल. 100 , एल. - 57, कुकुरभुका से कोईलापारा सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं।

## आलू अनुसंधान केन्द्र में घुसे हाथी, फसल को किया तबाह

**अम्बिकापुर।** बीती रात मैनपाट में सक्रिय हाथियों का दल आलू अनुसंधान केन्द्र में घुस गया तथा लगभग एक एकड़ में लगी आलू की फसल को तबाह कर दिया। मैनपाट के सीमावर्ती जंगल में सक्रिय 9 हाथियों का दल लम्बे समय से आबादी क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है तथा पिछले कुछ दिनों से बरिमा जंगल में अपना ठिकाना बनाया है। बीती रात हाथियों का दल आबादी क्षेत्र के निकट भ्रमण कर रहा था। इस दौरान दल के दो हाथी अनुसंधान केन्द्र के घेराव को तोड़कर भीतर घुस गए बीज उत्पादन व अनुसंधान के लिए लगाई गई आलू की फसल को तबाह कर दिए। हाथियों ने एक एकड़ की फसल को तबाह कर दी है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पैरासाइट' निर्देशक बोंग ने क्यून की मौत की जांच की आवाज उठाई



**सियोल।** दक्षिण कोरियाई अभिनेता ली सुन क्यून की मौत को लेकर विवाद गहराता ही जा रहा है, बीते साल 27 दिसंबर को अभिनेता अपनी कार में मृत पाए गए थे। वे 48 साल के थे, फिल्म पैरासाइट में अपने अभिनय से ली सुन क्यून ने दुनियाभर में अपनी पहचान बनाई थी। इसके लिए उन्हें ऑस्कर अवॉर्ड भी मिला था। अब जाने-माने निर्देशक बोंग जून-हो ने अन्य कलाकारों के साथ 'पैरासाइट' अभिनेता की मौत की गहन जांच का आग्रह किया है। वहीं, कलाकारों ने मीडिया द्वारा ली के निजी जीवन के सनसनीखेज पहलुओं पर भी चिंता जताई है। 27 दिसंबर को ली सुन क्यून अपनी कार में मृत पाए गए थे, जिसे आत्महत्या माना गया। पुलिस की जांच में अभिनेता के नशीली दवाओं के उपयोग की बात सामने आई थी। एक राष्ट्रीय समाचार चैनल के कॉन्फ्रेंस में ऑस्कर विजेता अभिनेता के साथी कलाकार, जिनमें किम यूई-सुंग समेत अन्य लोग शामिल थे, उन्होंने पुलिस द्वारा बार-बार पूछताछ के लिए बुलाने को लेकर भी सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही मीडिया में जांच से संबंधित विवरण के लीक पर भी उन्होंने सवाल खड़े किए हैं। निर्देशक बोंग जून-ने अपने बयान में कहा कि हम संबंधित अधिकारियों से पूरी तरह से गहन जांच करने का आग्रह करते हैं कि क्या पुलिस को जांच में सूचना की सुरक्षा को लेकर कोई समस्या थी। उन्होंने नशीली दवाओं के आरोप में ली के निजी जीवन के पहलुओं को मीडिया द्वारा सनसनीखेज बनाने के बारे में भी आशंका व्यक्त की। निर्देशक ने कहा कि ली को अपने निधन से पहले गहन जांच और चरित्र हनन का सामना करना पड़ा था, जिससे कलाकारों को सुरक्षात्मक कानूनी उपायों की आवश्यकता पर जोर देना पड़ा।

### टालीवुड


## 'केएच-237'से निर्देशन की पारी शुरू करेंगे अंबरीव, कमल ने की घोषणा




**चेन्नई।** तमिल सुपरस्टार कमल हसन अपनी अदाकारी से लाखों फैंस के दिलों पर राज करते हैं। साउथ ही नहीं, बल्कि उत्तर भारत में उनकी फिल्में काफी ज्यादा पसंद की जाती है। विक्रम के सुपरहिट होने के बाद अब उनके प्रशंसकों को अभिनेता की आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है। इस बीच सुपरस्टार ने शुक्रवार को एक नई फिल्म की घोषणा कर लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस फिल्म का एलान किया है। इसका निर्देशन मशहूर स्टंट कोरियोग्राफर्स अनबरीव करेंगे। फिल्म का नाम अस्थायी रूप से केएच 237 रखा गया है। कमल हासन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "केएच237 के लिए निर्देशक के रूप में दो पहले से सिद्ध प्रतिभाओं को उनके नए अवतार में लाने पर गर्व है। मास्टर्स अंबरीव...राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल में आपका फिर से स्वागत है।"आगामी फिल्म अंबुमणि और अरिवुमणि के निर्देशन की पहली फिल्म है, जिन्हें अंबरीव के नाम से जाना जाता है। मेकर्स की ओर से साझा किए केएच 237 अनाउंसमेंट टीजर ने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। इसे देखकर कहा जा सकता है कि फिल्म में अभिनेता अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। इस अप्रत्याशित घोषणा के बाद प्रशंसक हैरान रह गए। सोशल मीडिया वे इस टीजर को लेकर जमकर टिप्पणी करते नजर आए। एक यूजर ने उत्साह व्यक्त करते हुए लिखा, ₹एक बड़ी एक्शन फिल्म की उम्मीद है।₹ एक अन्य ने टिप्पणी की, ₹वास्तविक एक्शन में इन्हें महारत हासिल है। कमल हसन और महेंद्रन द्वारा निर्मित केएच 237 अगले साल यानी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो इस साल उनकी इंडियन 2 की रिलीज होगी। इसके अलावा वे ठग लाइफ की शूटिंग के लिए तैयारी कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मणिरत्नम करेंगे। वे नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी में भी नजर आएंगे। प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और दिशा पटानी अभिनीत यह फिल्म मई में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## रवि किशन की 'महादेव का गोरखपुर' दमदार टीजर लॉन्च



**मुंबई।** अभिनेता और सांसद रवि किशन की फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' का टीजर शुक्रवार की शाम को फिल्म के मेकर्स ने यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया। फिल्म के टीजर में रवि किशन का जबरदस्त अवतार नजर आ रहा है। यह फिल्म हिंदी, भोजपुरी,तेलुगू, तमिल और कन्नड़ भाषा में एक साथ रिलीज होगी। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' के टीजर में अभिनेता रवि किशन के दो लुक नजर आ रहे हैं। एक लुक में वह रौद्र रूप में महादेव के अंश के रूप में, तो दूसरे लुक में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म का टीजर देखने से पता चलता है कि इस फिल्म में दो कालखंड की कहानी दिखाई गई है। फिल्म के टीजर में साल 1727 की घटना का जिक्र किया गया है, जिसमें मुजफ्फर खान के हमले का जिक्र है। टीजर में बताया गया है कि इस संसार में दो ही चीजें शाश्वत हैं, अच्छाई और बुराई, जो कभी नहीं मरते हैं। उनका पुनर्जन्म होता रहता है। शरीर, आत्मा और समस्त जीवन महाकाल का बताया गया है। रवि किशन के एक किरदार को महादेव का अंश बताया गया है। टीजर में आगे दिखाया गया है कि एक पुलिस अधिकारी कहता है, 'यूपी में दो हफ्ते के अंदर कोई बड़ा अटैक प्लान किया जा रहा है।' बाद में रवि किशन की एंट्री पुलिस अधिकारी के रूप में होती है।अभिनेता और सांसद रवि किशन खुद ही महादेव के भक्त हैं। वह कहते हैं, 'फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' एक शानदार फिल्म बनी है।



### केल्विन का कलेक्शन

अमेरिका के फैशन डिजाइनर केल्विन क्लेन ने पिछले दिनों मुंबई कलेक्शन लॉन्च में धूम मचा दी। दिशा पटानी ने इनके सिग्नेचर लोगो ब्रैलेट और लाइट वॉश जींस की एक जोड़ी को मॉडल किया। इस कार्यक्रम में मोनिका डोगरा का लाइव संगीत भी शामिल था और इसमें रैचेल बायरोस, सोनालिका सहाय, प्रभ उप्पल और रबने जामसंडेकर सहित फैशन स्टाइलिस्ट, मॉडल और प्रभावशाली लोगों ने भाग लिया। केल्विन क्लेन के कलेक्शन को यहां खूब सराहा गया।

## चेहरे को चमकाएंगे अनार से बने ये फेस पैक, जानें बनाने का तरीका

घर पर ही अनार का फेसपैक बना कर दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए अनार और पपीते का पेस्ट बनाकर इसे चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगाएं। इसके बाद इसे सादे पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस पैक को लगाने से आपके चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो जाएंगे। इससे आपकी स्किन खिली-खिली भी रहेगी। अक्सर लोग मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल क्लींजर की तरह करते हैं। ऐसे में आप अनार के साथ इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए अनार के रस में एक घंटे के मुल्तानी मिट्टी को भिगो कर रख दें। जब ये फूल जाए तो



थोड़ा सा रस और मिलाकर इस पैक को चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे के बाद चेहरे को धो दें। इस पैक को बनाने के लिए आपको एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच कॉफी पाउडर और अनार का रस मिलाना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर इसे अच्छे से मिक्स करें। कुछ समय के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो दें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। वैसे तो एवोकाडो काफी महंगा आता है, लेकिन अगर दमकती त्वचा पाना चाहते हैं, तो इसका इस्तेमाल अवश्य करें ।इसके लिए आपको बस एवोकाडो को मैश करके इसमें अनार का पेस्ट अच्छे से मिलाना है। इसे अपने चेहरे पर लगाकर आप ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं।

## पैरों की ड्राईनेस को कम करेगा कच्चा दूध, जानें कैसे?



पैरों की देखभाल करने के लिए आप बाहरी क्रीम की जगह घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप हफ्ते में 2 बार तक पेडीक्योर कर सकती हैं। ड्राईनेस बढ़ने के कारण पैरों की त्वचा में मॉइस्चर खत्म होने लगता है और ऐसा सर्दी के मौसम में ज्यादातर देखा जाता है। इसके लिए आप घरेलू चीजों जैसे कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं और अपने पैरों की ड्राईनेस को कम कर सही तरीके से पोषण दे सकती हैं। कच्चा दूध त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है। कच्चा दूध त्वचा को नमी देने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा को मॉइस्चराइज रखने में मदद करता है। नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। त्वचा को मुलायम रखने में शहद बेहद मददगार साबित होता है। इसके अलावा यह स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए मदद करता है। पैरों की देखभाल करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 4 चम्मच शहद की डालें। इसमें 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर पैरों की त्वचा पर लगा लें। पैरों की त्वचा पर कम से कम 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें।

## नॉर्मल तरीके से साड़ी पहनकर हो गई हैं बोर तो इन टिप्स को करें ट्राई

फैशन





साड़ी स्टाइल करना अगर आपको पसंद है तो इसके लिए आपको अलग-अलग तरीके भी ट्राई करने चाहिए। इससे आपका साड़ी लुक अच्छा लगेगा साथ ही आपको कुछ नए तरीके से साड़ी स्टाइल करने का मौका मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप सही ट्रिक्स को अपनाएं। इससे साड़ी अच्छे से बंधेगी साथ ही आप सुंदर लगेगी।

### लहंगा स्टाइल साड़ी

आप साड़ी को सिंपल तरीके से पहनने की बजाएं अलग तरीके से भी ड्रेप कर सकती हैं। लहंगा स्टाइल आजकल काफी ट्रेंड में है और अच्छा भी लगता है इस तरीके से साड़ी पहनने के लिए पहले आपको साड़ी में प्लीट्स बनानी होगी और उसे कमर पर अटैच करना होगा। इसके बाद मैचिंग दुपट्टे को पिन करना होगा। इससे आपकी साड़ी बिल्कुल लहंगे स्टइल में बंध जाएगी।

### बेल्ट के साथ साड़ी करें स्टाइल


अगर आपको लगता है कि साड़ी में आपकी बेली अच्छी नजर नहीं आ रही है तो ऐसे में आपको जरूरत है बेल्ट (ट्रेडिशनल लुक) की इसे साड़ी के ऊपर स्टाइल करके आप अपने साड़ी लुक को और अच्छा बना सकती हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले साड़ी को उसी तरीके से बांधना है जैसे बांधती हैं फिर इसमें बेल्ट को अटैच करना है। इसके बाद कुछ एक्ससेसरीज एड करनी है।

### स्कर्ट स्टाइल साड़ी करें ड्रेप

अगर आपको साड़ी को अलग तरीके से ड्रेप करना है तो इसके लिए आप स्कर्ट स्टाइल से भी साड़ी को वियर कर (स्लिम लुक के लिए साड़ी स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इससे भी वो काफी अच्छी लगेगी। इसके लिए आपको साड़ी में आगे की तरफ प्लीट्स बनानी है और पिन की मदद से सेट करनी है। फिर साड़ी का मैचिंग दुपट्टा लेना है इसे या तो आप हाथों में ले सकती हैं वरना आप चाहे तो दुपट्टे की तरह पिन कर सकती हैं।

इन टिप्स की मदद से आप भी साड़ी स्टाइल करेंगी तो और भी ज्यादा सुंदर नजर आएगी।

## पंजाबी सूट में जान डालेंगे दुपट्टे के ये डिजाइंस



पंजाबी स्टाइल सूट के साथ में अक्सर हम हैवी दुपट्टे को स्टाइल करते हैं और इसके लिए डिजाइन भी ट्रेडिशन के हिसाब से ही चुनते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालने के लिए सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लोहड़ी लुक नजर आए सबसे खूबसूरत।

### गोटा-पट्टी वर्क दुपट्टा डिजाइन

आजकल गोटा-पत्ती डिजाइन काफी चलन में नजर आ रहा है। वहीं इसमें आप खुद प्लेन दुपट्टे का फैब्रिक खरीदकर अलग से गोटा-पत्ती लेस का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की गोटा-पट्टी लेस आप चाहे तो सूट पर भी लगवा सकती हैं। दुपट्टे की लेंथ चुनने के लिए आप अपनी हाइट का खासतौर से ख्याल रखें।

### फुलकारी दुपट्टा डिजाइन

पंजाबी स्टाइलिंग में सबसे ज्यादा फुलकारी दुपट्टे को स्टाइल किया जाता है। वहीं इसे बनाने के लिए मल्टी-शेड्स के धागों का इस्तेमाल किया जाता है। इसे तरह के दुपट्टे को आप ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन के सूट के साथ पहन सकती हैं। साथ ही दुपट्टे में कलरफुल पोम-पोम वाली लटकन भी लगवा सकती हैं।


### वेलवेट दुपट्टा डिजाइन

लोहड़ी का त्योहार सर्दी के मौसम में आता है। ठंड से बचने के साथ-साथ अगर आप स्टाइलिश लुक भी पाना चाहती हैं तो इस तरीके से वेलवेट के दुपट्टे को चुन सकती हैं। इस तरीके का दुपट्टा आप लेस की सहायता लेकर खुद से कस्टमाइज भी करवा सकती हैं।

इसे आप अपनी मर्जी के सूट लुक के साथ पहनें।

## 'मैन बन' है आपका स्टाइल तो टिप्स आपको बनाएंगे और भी स्टाइलिश

'पुरुषों को बाल छोटे रखने चाहिए' अक्सर यही सुनने को मिलता है और लंबे बाल वाले पुरुषों को इसके चलते दिक्कत भी खूब होती है। लेकिन इसके बाद भी बड़े बाल रखने वाले कई पुरुष हैं। ये वो पुरुष हैं जो लंबे बाल तो रखते ही हैं बन भी बनाते हैं। लेकिन बन सारे पुरुषों पर अच्छा ही लगे ये जरूरी तो नहीं। मगर कुछ खास टिप्स के साथ बन पुरुषों पर अच्छा लगता ही है। ये टिप्स मैन बन को आपके लुक में ऐसा शामिल कराएंगे कि आप इन्हें आसानी से स्टाइल करेंगे और लोगों की तारीफ़ भी सुनेंगे।



### 'मैन बन' बनाने के आसान टिप्स

'मैन बन' यानी पुरुषों के लंबे बालों पर सजा बन। अगर ये स्टाइल रखने से आप अभी तक पीछे हट रहे थे तो अब आप इन स्टाइल को खास टिप्स के साथ आजमा सकते हैं-

### कैसे-कैसे 'मैन बन'

बालों का जूड़ा स्टाइल ही 'मैन बन' है लेकिन ये भी कई तरीके के होते हैं जैसे जब बन सिर पर बहुत ऊंचाई पर बनाया गया होता है तो उसे टॉपनॉट कहते हैं। लेकिन जब बन बेहद ढीला बंधा होता है तो उसे फुल बन कहते हैं। जब पुरुष मैन बन बनाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें सिर्फ योंहीं बाल पकड़ कर बन बनाने की जरूरत नहीं है बल्कि वे कई तरह के स्टाइल बना सकते हैं।

### हाफ अप

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। इसमें सिर्फ आधे बालों से ही बन बनाया जाता है। ये उन पुरुषों के लिए सही है जिनके बाल सच में लंबे हैं। मतलब बाल पुरुषों के कंधों से भी नीचे हैं तब ही हाफ अप बन अच्छा लगता है।

### लो बन

ये बन सिर में पीछे की ओर बनाया जाता है। इसमें बन सिर के क्राउन पर नहीं बनता है। नाम के मुताबिक इसे बिलकुल सिर के पीछे नीचे की ओर बनया जाता है।

### फेड के साथ मैन बन

इसमें सिर में ऊपर के बाल का बन बनाया जाता है। सिर्फ में नीचे के सारे बाल चोट कर दिए जाते हैं। ये बड़े बालों से बिलकुल अलग हो जाते हैं।

कार्नर न्यूज

### सेलिब्रिटी अपने फैशन को लेकर रहते हैं निशाने पर

## किसी ने 'कंकाल ड्रेस'तो किसी ने पहनी जली-फटी अटपटे फैशन के कारण ट्रोल हुए स्टाइलिश एक्टर्स

*सेलिब्रिटी फैशन लोगों को खूब पसंद आते हैं। हम लोग भी खुद को स्टाइलिश बनाने के लिए इनके स्टाइल को फॉलो करते हैं। लेकिन कई बार उनके द्वारा पहनी गई ड्रेस ट्रोलर्स के निशाने पर आ जाती हैं। इस कारण उनको न जाने क्या-क्या सुनना पड़ता है। आज हम उन्हीं फैशन-स्टाइल के बारे में बात करेंगे। ये सेलिब्रिटी ड्रेस वायरल भी खूब हुई। इस लिस्ट में रणवीर सिंह जैसे अतरंगी फैशन करने वाले एक्टर के अलावा अक्षय कुमार जैसे हीरो भी हैं। इन्होंने अजब-गजब ड्रेस पहनी, जो बहुत कम लोगों को पसंद आई।*

*फटी-जली शर्ट में अक्षय कुमार अक्षय कुमार अधिकतर परफेक्ट ड्रेस पहने दिखाई देते हैं। अक्षय को क्लासी लुक के लिए जाना जाता है। मगर एक बार उन्होंने ऐसी ड्रेस पहनी कि उनके फैंस देखकर हैरान हो गए।*



### फटी-जली शर्ट में अक्षय कुमार

अक्षय कुमार अधिकतर परफेक्ट ड्रेस पहने दिखाई देते हैं। अक्षय को क्लासी लुक के लिए जाना जाता है। मगर एक बार उन्होंने ऐसी ड्रेस पहनी कि उनके फैंस देखकर हैरान हो गए। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी ड्रेस को लेकर कॉमेंट होने लगे।'कपड़े तो पहना देता अक्षय जी को' इस तरह के कॉमेंट सुनने को मिले।

### करण जौहर कंकाल वाली ड्रेस में

फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर अपने अतरंगी फैशन के लिए जाने जाते हैं। अक्सर ट्रोल करने वाले उनका ऐसी ड्रेस में इंतजार करते हैं। हालांकि, करण के लिए ये कोई नया काम नहीं है। वह अधिकतर बार अपनी ड्रेस के कारण कॉमेंट सुनते रहते हैं।

### अपारशक्ति खुराना का हैरी स्टाइल

एक्टर अपारशक्ति खुराना अपने फैशन सेंस के कारण चर्चा में रहते हैं। उन्होंने एक बार ऐसा टॉपवियर पहना जिसके बाद लोग उनसे पूछने लगे- भाई कब से रणवीर सिंह को फॉलो कर रहे हो, भाई हैरी को कॉपी कर रहे हो? इस तरह की बातों ने अपारशक्ति के ड्रेस को वायरल कर दिया। इसके अलावा एक बार अपारशक्ति खुराना ने जानबूझकर टैग लगी ड्रेस पहन ली।

### दिलजीत की मीडिया प्रिंट वाली शर्ट

गायक और एक्टर दिलजीत दोसांझ का फैशन भी कमाल का होता है। उनकी बोल्ड एंड कलरफुल ड्रेस की तारीफ होती है। मगर एक बार दिलजीत ने ऐसी प्रिंटेड शर्ट पहनी कि उसको लेकर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। उनकी शर्ट पर कई मीडिया हाउस के लोगो प्रिंट किए हुए थे।

### रणवीर सिंह की दीपिका वाली ड्रेस

रणवीर सिंह का फैशन ऐसा है कि अगर वह सिंपल दिखने लगें तो यूजर्स उनका हालचाल पूछने लगते हैं। मगर शादी के बाद रणवीर और भी अलग-अलग तरह के लुक में दिखने लगे। एक के बाद एक अजब-गजब ड्रेस पहने दिखे। एक बार रणवीर ने ऐसी ड्रेस पहनी कि लोग पूछने लगे- दीपिका पादुकोण की ड्रेस पहनकर निकल गए क्या? क्योंकि यूजर्स को ऐसा लगा कि रणवीर ने लड़कियों वाली ड्रेस पहन ली है। उनको इस ड्रेस के कारण बहुत कुछ सुनना पड़ा था।



## गुंटूर करम ने की धमाकेदार ओपनिंग किया 94 करोड़ का कलेक्शन ...



**मुंबई।** फिल्म गुंटूर करम ने पहले ही दिन धमाकेदार ओपनिंग की। महेश बाबू और श्रीलीला स्टारर इस फिल्म में मीनाक्षी चौधरी, प्रकाश राज, राम्या कृष्णन, जयराम ने अहम किरदार निभाए हैं। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने पहले ही दिन 94 करोड़ का बिजनेस किया है। रिपोर्ट के मुताबिक गुंटूर करम ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन में 41.3 करोड़ कमाए हैं।

## ओटीटी पर गूंजी टाइगर-3 की दहाड़, 14 देशों में बनी नंबर-1



**मुंबई।** सलमान की फिल्म टाइगर 3 ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड सेट कर दिया है। ओटीटी पर भी फिल्म हिट साबित हो रही है। 7 जनवरी को ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम पर टाइगर 3 रिलीज होने के बाद से सोशल मीडिया इसका सेंसेशन बढ़ गया है। रिलीज होने के कुछ ही दिनों के भीतर ओटीटी पर हिट हो गई है। टाइगर लोगों का मनोरंजन करने के लिए हमेशा मौजूद होगा।

## मैरी क्रिसमस को मिली धीमी शुरुआत पहले दिन कमाए मात्र 2.55 करोड़ ...



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ और साउथ के फेमस एक्टर विजय सेतुपति की 'मैरी क्रिसमस' ने 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। लेकिन फिल्म का जितना क्रेज देखा जा रहा था, कमाई उस हिसाब से कुछ कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरी क्रिसमस ने 2.55 करोड़ का कलेक्शन किया है। अब मेकर्स को वीकेंड से बहुत उम्मीदें हैं। हालांकि अब मेकर्स को शनिवार और रविवार से बहुत उम्मीदें हैं।



## अमित साध पुणे हाईवे में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिनेता अमित साध 'दुरंगा 2' में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अपनी अगली बड़ी फिल्म के लिए तैयार हैं। इस बार, वह 2024 में आने वाली पुणे हाईवे नामक एक नई फिल्म में सभी का मनोरंजन करने को तैयार हैं। अमित ने विभिन्न फिल्मों में अपने शानदार प्रदर्शन से कई लोगों का दिल जीता है, और दुरंगा 2 में उनकी भूमिका ने उनकी सफलता में और इजाफा किया है। अब, प्रशंसक यह देखने के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं कि पुणे हाईवे में उनके लिए क्या नया आने वाला है। 2024 में फिल्मों को लेकर बेहद उत्साहित है और जो लोग फिल्मों को पसंद करते हैं वे इस विशेष फिल्म के आने का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style

# राधिका

## एयरोब्रिज में फंसने पर निकाली भड़ास

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस राधिका आप्टे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो और कुछ तस्वीरे शेयर की हैं, जिसको देखने के बाद अब फैंस घबराए हुए हैं। राधिका ने एक पोस्ट शेयर की कि वह अपनी उड़ान के सह-यात्रियों के साथ एक हवाई अड्डे पर एयरोब्रिज के अंदर बंद हो गई थीं।

राधिका ने एयरोब्रिज में फंसने के बाद गुस्से में एक लंबा नोट लिखकर अपनी भड़ास निकाली है। राधिका ने लिखा, मुझे यह पोस्ट करना पड़ा! सुबह मेरी 8:30 बजे की फ्लाइट थी। अभी 10:50 हो गए हैं और फ्लाइट अभी तक बोर्ड नहीं हुई है, हमसे कहा कि हम बोर्डिंग कर रहे हैं और फिर सभी यात्रियों को एयरोब्रिज में डाल दिया और इसे बंद कर दिया! छोटे बच्चों, बुजुर्गों के साथ यात्रियों को एक घंटे से अधिक समय से बंद कर दिया गया है। सुरक्षा के दरवाजे नहीं खोले गए। कर्मचारियों को बिल्कुल भी पता नहीं है।

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि जाहिर तौर पर उनके क्रू ने अभी बोर्ड नहीं किया है। क्रू बदला गया है और वो अभी भी नए क्रू का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई अंदाजा नहीं है कि वो कब आएंगे तो किसी को नहीं पता कि वो कितनी देर यहां बंद रहने वाले हैं। मैं छुपकर इनकी स्टुपिड फीमेल स्टाफ से बात करने में कामयाब रही, जो कहती रही कि कोई समस्या नहीं है और कोई देर नहीं होगी। अब मैं अंदर बंद हूं और उन्होंने बस हमें ये बताया है कि हम यहां दोपहर 12 बजे तक लॉक रहने वाले हैं।



### हॉलीवुड मसाला

## गाजा हादसे में हुए घायल



**लॉस एंजेलिस।** गाजा में इस्राइली सेना और हमास के बीच पिछले कई दिनों से लगातार युद्ध चल रहा है और इसमें कई लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, अब हाल ही में इस वॉर में एक मशहूर एक्टर के साथ बड़ा हादसा हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वेब सीरीज 'फौदा' के एक्टर और सिंगर इदान अमेदी लड़ाई के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस खबर ने इदान के फैंस को चिंता में डाल दिया है। इदान अमेदी गाजा पट्टी के खान यूनिस में हमास आतंकवादियों के खिलाफ इस्राइली सेना के सैनिक के रूप में लड़ाई लड़ रहे थे।



## न्यूयॉर्क की सड़कों पर डॉगी संग स्पॉट हुईं एमिली

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार एमिली एक बड़ी डॉग लवर हैं। वह अपने डॉगी पर बच्चों की तरह प्यार लुटाती हैं। बीते दिन एक्ट्रेस को न्यूयॉर्क शहर के वेस्ट विलेज में डॉगी कोलंबो संग सैर करते देखा गया। एक्ट्रेस के इस अंदाज में फैंस का दिल जीत लिया और उनकी ये तस्वीरें अब इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान ब्लैक जैकेट के साथ व्हाइट ट्राउजर पहने नजर आईं। इस लुक को उन्होंने व्हाइट शूज, रेड कैप और ब्लैक चश्मे के साथ कंप्लीट किया। अपने डॉगी के पट्टे को हाथ में पकड़े और हाथों को पॉकेट में डाले वह न्यूयॉर्क की सड़कों पर सैर करती दिखीं। कैमरे के सामने एक्ट्रेस ने कई जबरदस्त पोज दिए।



## मिस्ट्री मैन का हाथ थामे हुईं स्पॉट

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अभी तक शादी नहीं रचाई है और न ही उन्होंने किसी के साथ रिलेशन में होने का खुलासा किया है। अब हाल ही में जब कंगना को मिस्ट्री मैन के साथ देखा गया तो उनके लिंकअप की खबरें सोशल मीडिया पर तूल पकड़ने लगीं। कंगना को किसी मिस्ट्री मैन के साथ हाथों में हाथ डाले स्पॉट किया गया, जिसकी तस्वीरों को लेकर कंगना खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। दरअसल, बॉलीवुड क्वीन कंगना को मुंबई में एक सैलून से बाहर निकलते देखा गया। इस दौरान वह मिस्ट्री मैन का कसकर हाथ थामे नजर आईं। इतना ही नहीं, इस मौके वह खूब ब्लश करती भी दिखीं। चेहरे पर काला चश्मा लगाए स्काई ब्लू कलर की ड्रेस में वह बेहद गॉर्जियस दिखीं। जबकि, उनके साथ नजर आया ये मिस्ट्री मैन एक विदेशी था।



## तय समय में रिलीज होगी पुष्पा-2

**मुंबई।** वर्ष 2024 की बहुप्रतीक्षित और बहुप्रचारित फिल्म पुष्पा-2 का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म को लेकर पिछले कुछ समय से यह कहा जा रहा था कि यह फिल्म अपने तय समय 15 अगस्त को प्रदर्शित नहीं होगी। हालांकि फिल्म निर्माताओं ने इन समाचारों को पूरी तरह से निराधार बताया है और कहा है कि फिल्म अपने तय समय पर ही प्रदर्शित होगी। फिल्म की शूटिंग फुल स्पीड से चल रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, डायरेक्टर सुकुमार और अल्लू ने फैसला किया है मई 2024 तक शूटिंग खत्म करनी है। 100 दिनों का शूट अभी रहता है और टीम लगातार 5 महीने तक काम कर रही है ताकि फिल्म की शूटिंग जल्द खत्म हो। पुष्पा 2 के बाकी एक्टर्स ने भी अपनी सारी डेट्स सुकुमार को दी हुई हैं ताकि पुष्पा 2 की रिलीज में देरी ना हो।

### टीवी मसाला

## प्रियांशी और रोहित ने बताएं अपने मकर संक्रांति के प्लांस

**मुंबई।** मकर संक्रांति, जिसे अक्सर काइट फेस्टिवल भी कहा जाता है, पूरे जोश के साथ मनाया जाता है। लोग पतंग उड़ाकर वसंत के आने का जश्न मनाते हैं। इस साल इस शुभ अवसर पर टेलीविजन कलाकारों ने पतंग उड़ाने की अपनी यादें और अनुभव साझा किए। शो पंड्या स्टोर की




प्रियांशी यादव उर्फ नताशा बताती हैं, यह मकर सक्रांति त्योहार पतंग उड़ाने के लिए मशहूर है। मैं भी इसमें हिस्सा लेती थी, हालांकि मैं वास्तव में इसमें अच्छी नहीं हूं, लेकिन फिर भी मुझे ये करने में मजा आता है। इस साल, मैं इसे अपनी मां के साथ मनाने जा रही हूं, क्योंकि मैं शूटिंग करूंगी। मैं मंदिर जाऊंगी, अपनी मां के साथ पूजा करूंगी और आशीर्वाद लूंगी। मुझे पतंग उड़ाने में बहुत मजा आता है और मुझे आकाश को देखना बहुत पसंद है, क्योंकि जब भी मैं रेनबो रंग का आसमान देखती हूं तो मैं दीवानी हो जाती हूं। पंड्या स्टोर के रोहित चंदेल उर्फ धवल कहते हैं, मकर संक्रांति त्योहार के दौरान, मेरी मां तिल के लड्डू बनाती हैं और बचपन में मैं घरों में जाता था और उनका स्वागत लड्डू से करता था। मुझे पतंग उड़ाने में मजा आता है।

# अभिनय के लिए की थी पिता से बगावत, निभाएं बेहतरीन किरदार

*मुंबई। बॉलीवुड का हैंडसम हंक विनोद खन्ना के पिता कभी नहीं चाहते थे कि वह एक्टर बने लेकिन उन्होंने पिता से बगावत कर फिल्मों की ओर रुख किया और अपने किरदारों से उनका नाम रोशन किया। निगेटिव, एक्शन और रोमांटिक रोल निभाने वाले दिग्गज अभिनेता विनोद खन्ना को सुनील दत्त ने साल 1968 में आई फिल्म 'मन का मीत' से बतौर विलेन लांच किया था। इस फिल्म में विनोद खन्ना हीरो न होने के बाद भी अपनी पहचान बनाने में कामयाब हुए थे। अपने करियर की शुरुआत में उन्होंने कई फिल्मों में निगेटिव रोल निभाकर खूब वाहवाही लूटी।*

### पिता ने तान दी थी पिस्तौल

एक्टिंग की दुनिया में ऐसी जबरदस्त धाक जमाने वाले विनोद खन्ना के पिता बिल्कुल नहीं चाहते थे कि वह फिल्मी दुनिया में आए। उनके पिता एक बिजनेसमैन थे लेकिन जब विनोद ने बताया कि वह एक्टर बनने का सपना देख रहे हैं तो उनके पिता ने उनकी जमकर फटकार लगाई थी। इतना ही नहीं गुस्से में आकर उन्होंने विनोद खन्ना पर पिस्तौल भी तान दी थी। ये खुलासा खुद विनोद खन्ना ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में किया था।



### निभाया था डाकू का किरदार

विनोद खन्ना ने इस फिल्म के बाद धर्मेंन्द्र की सुपरहिट फिल्म 'मेरा गांव मेरा देश' जो कि साल 1971 में आई थी, इस फिल्म में भयंकर डाकू का किरदार निभाया था। ये फिल्म उस दौर की बड़ी हिट साबित हुई थी। यहीं से उनके विलेन बनने का सफर शुरू हुआ और कई फिल्मों में वह बतौर विलेन ही नजर आने लगे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस जबरदस्त प्रदर्शन किया था।

### 70 के दशक में किया राज

70 का दशक आते-आते तो विनोद खन्ना की गिनती इंडस्ट्री के बड़े सुपरस्टार्स में होने लगी थी। उस दौर की तकरीबन हर फिल्म में विनोद खन्ना का होना जैसा जरूरी हो गया था। उन्होंने कई मल्टीस्टारर फिल्मों में भी काम किया। लेकिन 80 के दशक तक वह एक्शन हीरो के तौर पर पहचाने जाने लगे थे। कई फिल्मों उनके एक्शन अवतार को खूब पसंद किया गया था। अपने करियर में विनोद खन्ना ने 1968 से 2013 तक तकरीबन 150 फिल्मों में काम किया। अपने हर किरदार से उन्होंने दर्शकों का दिल भी खूब जीता। लेकिन ज्यादातर उन्हें आज भी खलनायक बनकर निभाए किरदारों के लिए याद किया जाता है।

## रकुल प्रीत ने बॉयफ्रेंड संग किए राम मंदिर प्रतिमूर्ति रथ के दर्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड के गलियारों में इन दिनों एक और जोड़ी काफ खबरों में छाई है। ये कोई और नहीं बॉलीवुड की सुपर हॉट एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और निर्माता जैकी भगनानी हैं। बी-टाउन में दोनों के प्यार के चर्चे खूब हो रहे हैं। वहीं, अब रकुल और जैकी खुलकर अपने प्यार का इजहार दुनिया के सामने करते भी दिख रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि दोनों इसी साल शादी बंधन में बंधने वाले हैं। शादी की खबरों के बीच कपल ने हाल ही में मुंबई में राम मंदिर प्रतिकृति रथ के दर्शन किए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें, तो रकुल प्रीत और जैकी दोनों अगले महीने 22 फरवरी को गोवा में सात फेरे लेंगे। ऐसे में अब शादी की खबरों के बीच दोनों को एक साथ राम मंदिर प्रतिकृति रथ के दर्शन किए। जैकी भगनानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रकुल प्रीत सिंह संग अपनी एक तस्वीर और वीडियो शेयर किया है। ये तस्वीरें मुंबई के राम मंदिर प्रतिकृति रथ की यात्रा के दौरान की है। इस दौरान, कपल हाथ जोड़कर प्रार्थना करते और भगवान श्री राम से आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा विकासखंड में प्रभारी शिक्षा अधिकारी सुंदरमणी कौंध के द्वारा संकुल कोटरीमाल के माध्यमिक शाला कोटरीमाल, प्राथमिक शाला चिमटा पानी एवं प्राथमिक शाला बामनपाली का औचक निरीक्षण किया गया साथ में संकुल के प्रभारी प्राचार्य संजीव कुमार पटेल साथ रहे। उक्त तीनों स्कूलों में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता सामान्य देखने को मिली। मध्यान भोजन सुचारू रूप से संचालित हो ना पाया गया। प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी कौंध एवं संकुल प्राचार्य संजीव पटेल प्राथमिक शाला बामनपाली के बच्चों की सादगी, शिष्टता एवं आत्म अनुशासन से काफी प्रभावित हुए व प्रधान पाठक बांसोड को बधाई दी।

### बरमकेला में तहसीलदार तिवारी की नियुक्ति

**सारंगढ़।** कलेक्टर केएल चौहान ने जनता की मांग पर बरमकेला में तहसीलदार नियुक्त किया है। इस आशय के आदेश श्री चौहान ने जारी किया है। विगत दिनों कलेक्टर श्री चौहान को बरमकेला तहसील में तहसीलदार को एक ही तहसील का कार्य देने के लिए मांग किया गया था। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर श्री चौहान ने नवीन आदेश कर नायब तहसीलदार आयुष तिवारी को सारंगढ़ तहसील के कोर्ट से मुक्त करते हुए प्रभारी तहसीलदार बरमकेला का कार्य सौंपा है।

### उत्साह से मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**सारंगढ़।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम दुर्गापाली स्थल पर स्वामी विवेकानंद का पूजा वंदन किया गया। इस दौरान अतिथि शिवकुमारी चौहान, सारंगढ़ जनपद सीईओ संजू पटेल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इसी प्रकार सीएमओ सारंगढ़ राजेश पांडेय के नेतृत्व में इंडोर स्टेडियम सारंगढ़ में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 15 लीटर अवैध शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गस्त दल को मुखबिर से सूचना मिली कि तमनार स्थित सिदार पारा में विनोद सिदार अपने मकान में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने विनोद सिदार के घर छापा मार कार्रवाई के दौरान आंगन में प्लास्टिक जरकिन व कोल्ड ड्रिंक की बॉटल में महुआ शराब की बिक्री करते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 15 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी विनोद सिदार पिता अमर साय सिदार उम्र 30 साल निवासी सिदार पारा तमनार के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही की गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आदर्श ग्राम कुमेकेला ...

प्रतिदिन आदर्श ग्राम से होकर सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं गुजरते हैं । शराब दुकान के कारण खेत हो रहे बर्बाद शराब दुकान के मुख्य मार्ग में स्थित होने के कारण आसपास के खेतों में शराबियों द्वारा लगातार शराब पीकर कर बोतल फेंकने की वजह से किसानों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। खाली बोतलों की वजह से खेतों में किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई बार शराबियों द्वारा फेंकी गई बोतलों के कारण चोट भी पहुंच चुकी है।किराए बिल्डिंग में चल रही दुकान पत्थलगांव स्थित शराब दुकान निजी भवन में किराए पर संचालित हो रही हैं। जबकि शासन द्वारा  पहले शराब दुकान बनाने के लिए सरकारी पैसे भी भेजे गए थे। वह शराब दुकान को नगर से बाहर संचालित करने के लिए निर्देशित भी किया गया था। किंतु आज तक शराब दुकान को किराए के भवन में ही संचालित किया जा रहा है। विगत दिनों पत्थलगांव के दौरे पर आई विधायक गोमती साय से रेस्ट हाउस में ग्रामीणों द्वारा शराब दुकान हटाने को लेकर ज्ञापन सौपा था। जिसके बाद ग्रामीणों को शराब दुकान हटाने के लिए आस जगी थी किंतु माह भर बीत  जाने के बाद भी शराब दुकान हटाने को लेकर स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि जल्द ही शराब दुकान नहीं हटाई जाती है तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

---

सीएसआर मद से तालाबों का होना था जीर्णोद्धार, उद्योगों ने नहीं दिखाई रुचि

# अतिक्रमण की भेंट चढ़ते तालाब, लाख कोशिशों के बाद भी सहेजने में नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर पालिक निगम के 48 वर्षों में करीब 44 तालाब हैं, इन तालाबों में से अधिक का अस्तित्व अतिक्रमण की वजह से अब खत्म होता नजर आ रहा है। तालाबों पर अतिक्रमण की रफ्तार पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ी है। तालाबों को सहेजने व अतिक्रमण मुक्त करने के लिए निगम व प्रशासनिक स्तर पर लाखों प्रयास किए गए, वहीं तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए उद्योगों को भी जिम्मेदारी दी गई। किंतु रूचि नहीं दिखाने की वजह से यह योजना भी अधर में लटकी हुई है।

सूत्रों की मानें तो शहर में कुछ ऐसे भी तालाब हैं, जिस पर अतिक्रमणकारी पहले अपना मकान तालाब के किनारे बना लेते हैं, जिसके बाद मौका पाकर धीरे धीरे अतिक्रमण के क्षेत्र को बढ़ाते हुए विक्रय भी कर रहे हैं। ऐसा नही कि अतिक्रमणकारियों की इस अवैध कब्जे की जानकारी जिला प्रशासन एवं निगम अमला को नही है, फिर भी वे इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। अहम बात यह है कि कई बार तालाबों पर होने वाले ऐसे अतिक्रमण को लेकर संबंधित क्षेत्रवासियों ने निगम व प्रशासन से शिकायत भी की है। जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेंत्र में ढिमरापुर. जगतपुर, राजा महल के पास स्थित बाघ तालाब समेत नगर के अन्य तालाबों का हाल बेहाल है, यही हाल शहर के अन्य लगभग सभी तालाबों की स्थिति हैं। अतिक्रमण की वजह से कई एकड रकबे में फैले तालाब अब डबरी के स्वरूप मे नजर आ रहें हैं। जानकारी के अनुसार बाघ तालाब, अतरमुड़ा, गंगाराम तालाब, जगतपुर, बुझबधान, टीवी टायर तालाब, कलेक्टर दफ्तर के पीछे, महिला बाल विकास के पीछे, रोज गार्डन पीडब्ल्यूडी कालोनी के बगल तालाब समेत अन्य ऐसे तालाब है जो आदिकाल से रियासत काल तक अपना अस्तित्व को बचा रखें थे परंतु वर्तमान में इनकी स्थिति बदहाल है।



बाघ तालाब की दयनीय स्थिति।

### सरोवर धरोहर योजना फेल

बता दें कि तालाबों की दशा सुधारने व सौंदर्यीकरण के लिए सरोवर धरोहर योजना लाई गई थी, किंतु यह योजना तालाबों की दशा सुधार पाती उससे पहले ही इस योजना की दशा ही बिगड़ गई। इस योजना का सही तरह से क्रियान्वयन नहीं होने की वजह से यह योजना अब पुरी तरह से फेल हो गई। तालाबों की स्थिति वर्तमान में दयनीय है।

### उदसीनता भी बड़ी वजह

दरअसल नगर निगम क्षेत्र में स्थित तालाबों के जीर्णोद्धार पर सौंदर्यीकरण को लेकर अक्सर निगम की बैठकों में चर्चा जरूर होती है, प्रस्ताव भी बनाए जाते हैं। किंतु यह फाइलों का जमीनी स्तर पर सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं होने की वजह से और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता भी तालाबों के जीर्णोद्धार नहीं हो पाने की एक बड़ी वजह है।

### कई तालाबों का बदला नक्शा

सूत्रों के बताए अनुसार शहर के तालाबों की बीते 10 वर्ष की तुलनात्मक स्थिति बात करें तो कई तालाब ऐसे हैं, जिनके नक्शे में बड़ा बदलाव अतिक्रमण की वजह से हुआ है। कुछ एक जगहों पर तो तालाब नाम मात्र के ही बच गए हैं। कई तालाब तो पूरी तरह से गायब होते जा रहे हैं।

---

वन परिक्षेत्र छाल में हाथी का मिला था शव

# समय पर साक्ष्य नहीं जुटा पाया वन अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

बीते अक्टूबर माह में वनपरिक्षेत्र छाल के अंतर्गत एक हाथी का मृत शव मिला था। इस मामले में चार आरोपियों को वन अमले ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, किन्तु तय समय सीमा में वन विभाग के अधिकारी न तो इन चार आरोपियों के विरुद्ध कोई साक्ष्य जुटा पाए और ना ही इस मामले में विवेचना पूरी कर सके। ऐसी स्थिति में विभाग की लापरवाही के कारण इन चारों आरोपियों को न्यायालय से जमानत मिल गई। घरघोड़ा के न्यायालय ने वन विभाग के विवेचना पूर्ण नहीं होने कारण हाथी के हत्या के मामले में चार आरोपियों को जमानत दे दी। ज्ञात हो कि अक्टूबर 2023 को वन परिक्षेत्र अधिकारी छाल के द्वारा एक हाथी को मारने के आरोप में नंदकुमार राठिया, हृदय राम राठिया, जय सिंह राठिया और महादेव रतिया को आरोपी बना कर जिला जेल भेज दिया था जिसमें आरोपिगण के खिलाफ धारा 2,9,39, 51 एवं 52 वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत गिरफ्तार कर दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को जेल भेज दिया था। वन परिक्षेत्र अधिकारी छाल और वन अनुविभागीय अधिकारी वन मंडल धरमजयगढ़ के द्वारा आरोपी गण को गिरफ्तार करने के पश्चात निर्धारित समय पर किसी प्रकार का कोई रिमांड न्यायालय से नहीं लिया गया और ना ही आरोपीगण के खिलाफ कोई सबूत इकट्ठा किया गया। न्यायालय द्वारा सबूत इकट्ठा कर निर्धारित समय में विवेचना कर चालान प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में आरोपीगण को डिफॉल्ट जमानत में रिहा कर दिया गया। इस प्रकार से वन अधिनियम के तहत कार्रवाई तथा एक हाथी के मौत पर वन विभाग सक्रियता के साथ आरोपियो के विरुद्ध सबूत भी इकट्ठा नहीं कर पाए थे और आरोपी गण को जमानत का लाभ मिल गया। इस पूरे मामले में वन अमला सुस्त नजर आया।

■ हाथी की हत्या के चारों आरोपियों को मिली जमानत

---

# वित्त मंत्री ने की महिला एवं बाल विकास के विभागीय बजट की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में शनिवार को महानदी भवन, मंत्रालय में विभाग के बजट को लेकर वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

श्री चौधरी एवं श्रीमती राजवाड़े ने बैठक में महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना व एकीकृत बाल विकास सेवा योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बजट को लेकर विभागीय अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री चौधरी ने इस दौरान राज्य स्तरीय स्कीमों का एकीकरण कर अम्ब्रेला स्कीम तथा एकीकृत योजनाओं के लिए सिंगल निगरानी पोर्टल बनाने के सुझाव भी दिए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विभाग के बजट की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में वित्त विभाग तथा महिला बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




---

# अवैध धान पर कार्रवाई, 3 सौ बोरी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए बड़माल पुलिस के पास एक ट्रक में 300 बोरी धान बरामद करते हुए जब्त किया गया। इस ट्रक में लोड धान को अवैध तरीके से यहां खपाने की कोशिश की आशंका को लेकर यह कार्रवाई की गई।

मिली जानकारी के अनुसार 12-13 जनवरी की दरम्यानी रात रात्रि गस्त के दौरान साइबर सेल और जूटमिल पुलिस की टीम अवैध धान आवक की जांच करने ओड़शिा रोड़ की ओर गस्त करने के लिए गई थी। इसी दरम्यान ओडिशा की ओर से रायगढ़ आ रही ट्रक का पीछा करते हुए पुलिस टीम द्वारा ग्राम बड़माल ओव्हर ब्रिज के नीचे लारा रोड़ में ट्रक को रूकवा कर पकड़ा गया। ट्रक क्रमांक ओडी 17 यू 9629 को रोक कर चालक अभिषेक जामदुलिया पिता शुक्लांबर जामदुलिया उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम रुचिदा थाना आंबाभौना से वाहन में रखे धान के दस्तावेजों की मांग की गई। वाहन चालक लोड धान के संबंध में कोई कागजात नहीं होना बताया जिसे थाना जूटमिल लाया गया। चालक को धान के संबंध में वैध कागजात प्रस्तुत करने का पर्याप्त समय दिया गया किंतु वाहन चालक कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। ट्रक में लोड धान का अवैध व संदिग्ध प्रतीत होने पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा अनावेदक वाहन चालक पर धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही कर खाद्य निरीक्षक को कार्यवाही की सूचना दी गई है।




### दो मामलों में 382 बोरी धान जब्त

अवैध धान की आवक की पहली कार्रवाई पुसौर से की गई। जहां कोडपाली व छोटे हल्दी जाने वाले मार्ग पर ट्रक क्रमांक ओडी 23 बी 2341 में 277 बोरी धान जब्त किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई 11 जनवरी को लैलूंगा में की गई। जहां ग्राम केसला में वाहन क्रमांक सीजी 13 एएन 6511 में 50 बोरी व सीजी 13 एएल 5980 में 55 बोरी धान जब्त किया गया।

---

# 7 आरोपियों से 37 लीटर शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना तमनार की टीम द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। तमनार पुलिस ने कुल 7 मामलों में 37.5 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई कुल शराब की कीमत करीब 7500 रुपए आंकी गई है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक कल शाम तमनार पुलिस अवैध शराब पर कार्रवाई के लिए मुखबीरों से जानकारी लेकर ग्राम कठरापाली, कोड़केला, खम्हरिया, गोढी, दर्रीपारा, उरबा, मिलूपारा और तमनार सिदार पारा रवाना हुई। तमनार पुलिस टीम द्वारा ग्राम तमनार सिदार पारा में आरोपी विनोद सिदार के कब्जे से कुल 15 लीटर महुआ शराब और शराब बिक्री रकम 100 की जप्ती की गई है। आरोपी विनोद सिदार पिता अमर साय सिदार उम्र 30 साल निवासी सिदार पारा तमनार थाना तमनार जिला रायगढ़ के कृत्य पर थाना तमनार में आबकारी एक्ट की धारा 34,2,59,क के तहत कार्यवाही किया गया है। वहीं पुलिस टीम द्वारा ग्राम कठरापाली 4 लीटर महुआ शराब, कोड़केला 3.5 लीटर महुआ शराब, खम्हरिया 3 लीटर महुआ शराब, गोढी 4 लीटर महुआ शराब, दर्रीपारा उरबा 4 लीटर महुआ शराब और मिलूपारा 4 लीटर महुआ शराब में भी अवैध शराब बेच रहे आरोपियों को पकड़ा गया है।

---

### नावापारा ब और बाराडोली में भारत संकल्प शिविर

**पुसौर।** क्षेत्रीयता एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए कहीं कहीं और कभी कभी 2 ग्राम पंचायतों का एक साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन जिला प्रशासन के निर्देश एवं पुसौर जनपद के मार्गदर्शन में होता रहा है। इसी परिपेक्ष्य में ग्राम पंचायत नावापारा ब और बाराडोली पंचायत का संयुक्त शिविर ग्राम बारडोली में हुआ जिसमें नावापारा ब के सरपंच एवं पुर्व जनपद अध्यक्ष नित्यानंद भोय, सचिव राजेश बारीक सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामवासी तथा बाराडोली पंचायत के सरपंच धनमाली परमेश्वर सा, सचिव परमेश्वर मैत्री सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से शिविर प्रारंभ हुआ जहां सरकारी स्टाल मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी में मण्डल अध्यक्ष त्रिनाथ गुप्ता रहे। मंच में अन्य अतिथियों में भाजपा नेता श्रवण प्रधान विद्यानंद प्रधान, सुरेन्द्र जेना, पुरंदर चौहान आदि रहे।

---

# फील्ड में दिखनी चाहिए चाक-चौबंद कानून व्यवस्था : कलेक्टर व एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस दौरान एसएसपी सदानंद कुमार उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखना हमारी पहली प्राथमिकता है, इसे ध्यान में रखते हुए अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें, फील्ड पर कानून व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए। उन्होंने असामाजिक तत्वों की सूची तैयार करने एवं उन पर निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपराधिक गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फील्ड में कार्य दिखना चाहिए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समन्वित तरीके से सभी अधिकारी कार्य करेंगे। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अवैध रेत उत्खनन, अवैध शराब के मामलों में संलिप्तता वाले लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में अवैध महुआ शराब के परिवहन, भंडारण पर लगातार कार्यवाही जारी रखने के निर्देश आबकारी अधिकारी को दिए। पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने कहा कि पुलिस और प्रशासन की टीम के बीच परस्पर समन्वय के साथ सूचना का आदान प्रदान होना चाहिए। किसी भी क्षेत्र में कोई घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल साझा करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट और थाना चौकी प्रभारी नियमानुसार कार्यवाही करेंगे। उन्होंने अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।



---

# ओपी ने की स्वास्थ्य विभाग के बजट की समीक्षा



**रायगढ।** महानदी भवन स्थित मंत्रालय में शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्त एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में जीवन की मूलभूत आवश्यकता चिकित्सा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

### जहर खाने से महिला की मौत, मर्ग कायम

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलखिया निवासी 45 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार मायावती पैंकरा पति तेजराम बीते 1 जनवरी की रात भोजन करने के बाद सो गई। सुबह जब वह नहीं उठी तो परिवार के एक सदस्य ने देखा तब उसके मुंह से झाग निकल रहा था।

---

# 150 लोगों को कंबल वितरित

**रायगढ़।** सामाजिक सद्भावना व मानवता के मिसाल कायम करने के सिलसिले में एक आयाम तब और जुड़ गया जब क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में स्थित विशेष जनजाति समुदाय बाहुल्य गांवों के सैकड़ों निवासियों को सामाजिक व प्रशासनिक सहयोग से कंबल प्रदान किया गया। बीहड़ जंगलों व पहाड़ियों से घिरे इन इलाकों के रहवासियों के हालात बहुत ज्यादा नहीं बदले हैं।

हालांकि स्थानीय लोगों को पहले से कहीं बेहतर मूलभूत व अन्य सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। जिले के छाल क्षेत्र के जानेमाने सामाजिक कार्यकर्ता ललेश अग्रवाल के सौजन्य से धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल व छाल तहसीलदार के हाथों धरमजयगढ़ क्षेत्र के आमानारा व धरमपुर गांव में स्थानीय लोगों को कंबल वितरण किया गया।

बता दें कि धरमजयगढ़ मुख्यालय से करीब तीस किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच स्थित इन दोनों गांवों में पहाड़ी कोरवा व पण्डो विशेष जनजाति के सैकड़ों परिवार निवास करते हैं। आमानारा गांव जहां पहाड़ी कोरवा जनजाति के 50 से अधिक परिवार निवासरत हैं वह हाल ही में भी काफी सुर्खियों में रहा था। वह इसलिए कि वहां के निवासी व समुदाय के नेतृत्व कर्ता माने जाने वाले प्रेम साय से प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने फोन पर बात कर हालचाल पूछा था। आमानारा में कंबल वितरण के दौरान एसडीएम ने भी वहां की वस्तुस्थिति के बारे में प्रेम साय से बात की।









